## आदेश पत्रक

(देखें अभिलेख हस्तक 1941 का नियम 129)

वाद सं० - 01/2024-25

वाद का प्रकार :- भूमि विवाद (सीमांकन)

| आदेश का क्रम सं० और तारीख | आदेश एवं पदाधिकारी का हस्ताक्षर | आदेश पर की गई कारबाई के बारे में टिप्पणी |
|---|---|---|
| 03.01.25 | श्री लिलाम्बर नायक, पिता - स्व० निलकु नायक, ग्राम - बानगांव, पं० - पडरीमुण्डा द्वारा अंचल कार्यालय, कुरडेग में आवेदन दिया गया है। आवेदक के खतियानी भूमि मौजा - बानगांव, खाता सं० - 148, प्लॉट सं० - 1752, रकबा - 0.16 ए० पर विपक्षी श्री बलराम यादव उर्फ माकडु वो गंगाराम यादव उर्फ कुडु, पिता - स्व० शत्रुघ्न यादव, ग्राम - बानगांव द्वारा अवैध रूप से दखल कर खेती - बारी की जाती है।<br>अतः उक्त भूमि को अवैध दखलकारों से मुक्त कर दखल दिलाने का अनुरोध करते हैं साथ ही अंचल अमीन से सीमांकन कराना चाहते हैं।<br>राजस्व उपनिरीक्षक एवं प्रभारी अंचल निरीक्षक जाँच करते हुए प्रतिवेदन दिनांक - 10.01.2025 तक अधोहस्ताक्षरी को समर्पित करें।<br>03/01/25<br>अंचल अधिकारी<br>कुरडेग | |
| 10.01.25 | अभिलेख उपस्थापित<br>आवेदक - लिलाम्बर नायक, पिता - स्व० निलकु नायक, ग्राम - बानगांव, पं० - पडरीमुण्डा एवं द्वितीय पक्ष श्री बलराम यादव उर्फ माकडु वो गंगाराम यादव उर्फ कुडु, पिता - स्व० शत्रुघ्न यादव, ग्राम - बानगांव थाना - कुरडेग को सुनवाई हेतु खास नोटिस निर्गत करें।<br>अभिलेख दिनांक - 21.01.25 को उपस्थापित करें।<br>अंचल अधिकारी<br>कुरडेग | |
| 21.01.25 | अभिलेख उपस्थापित<br>नोटिस तामिला प्राप्त सुनवाई हेतु आवेदक श्री लिलाम्बर नायक उपस्थित, उपस्थिति पत्र सलग्न। द्वितीय पक्ष अनुपस्थित अभिलेख दिनांक - 28.02.25 को उपस्थापित करें।<br>21/01/25<br>अंचल अधिकारी<br>कुरडेग | |

28.02.25

अभिलेख उपस्थापित

नोटिस तामिला प्राप्त, सुनवाई हेतु श्री नीलाम्बर नायक, उपस्थित। द्वितीय पक्ष - श्री बलराम यादव उर्फ माकडु, उपस्थित।

उभय पक्षों द्वारा लिखित बयान दिया गया है, कि मौजा - बनगांव खाता सं० - 148, प्लॉट सं० - 1752, रकबा - 0.16 ए० का सीमांकन करने में किसी पक्ष को कोई आपत्ति नहीं है। आवेदक नीलाम्बर नायक, पिता - स्व० निनकु नायक, ग्राम - बनगांव को ऑनलाईन सीमांकन हेतु आवेदन करने का निर्देश दिया गया। आवेदित भूमि सर्वे खतियान में एंडान डोम वो अदु डोम वो खुशुसा डोम वो पुंदा डोम, पेशरान- दुख डोम के नाम पर कायम है। आवेदक रजिस्ट्री पट्टा सं० - 659/ दिनांक - 17.06.2008 द्वारा खरीद कर दाखिल - खारिज वाद सं० - 29/R27/2008-09, दिनांक - 29.09.2008 द्वारा नामांतरण कराते हुए सालाना मालगुजारी अदा करते हैं। द्वितीय पक्ष द्वारा उक्त भूमि में दावे के संबंध में साक्ष्य के रूप में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं की गई। आवेदक नीलाम्बर नायक, पिता - स्व० निनकु नायक, ग्राम - बनगांव को आवेदित भूमि का सीमांकन हेतु ऑनलाईन आवेदन समर्पित करने हेतु निर्देश दिया गया।

अभिलेख की कार्यवाही समाप्त की ~~जाते~~ जाती है।

28/02/25

अंचल अधिकारी
कुरडेग

Digitally signed by localhost
Date: 2025.07.12 13:59:10 +05:30
Location: 192.168.43.102